भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
**मौखिक प्रश्न सं. 314#**
गुरूवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## देश में क्रूज पर्यटन का विकास

**314# श्री महेंद्र भट्ट:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य का संज्ञान लिया है कि देश में क्रूज पर्यटन अभी भी एक अनन्वेषित क्षेत्र है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में क्रूज़ पर्यटन के विकास के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली बनाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा देश में क्रूज़ पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 314# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ग): क्रूज़ पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों के विकास एवं संवर्धन की ज़िम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की है। तथापि, अपनी सतत गतिविधियों के तहत, पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से सोशल मीडिया और वेबसाइटों सहित विभिन्न माध्यमों से भारत का एक समग्र पर्यटन स्थल के रूप में संवर्धन करता है, जिसमें क्रूज़ पर्यटन भी शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है। 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजना के तहत पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर पर्यटन मंत्रालय क्रूज़ पर्यटन सहित पर्यटन के विकास के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

भारत में क्रूज़ पर्यटन के विकास हेतु प्रभावी इको-सिस्टम तैयार करने के समन्वित प्रयासों के लिए पर्यटन मंत्रालय और पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा सभी प्रमुख बंदरगाहों और हितधारकों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से क्रूज़ पर्यटन पर एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

उक्त टास्क फोर्स ने क्रूज़ जहाजों के संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है, जिसका विभिन्न एजेंसियों द्वारा अनुपालन किया जाएगा। इन प्रक्रियाओं को मानकीकृत करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने जून 2025 में एसओपी-3 जारी की, जिसे भारत में क्रूज़ संचालन के लिए एक एकीकृत कार्यढाँचा प्रदान करने हेतु सभी हितधारकों के परामर्श से तैयार किया गया था। यह एसओपी सुरक्षा, दक्षता और यात्री की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए भूमिकाओं और प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है, जो भारत के वैश्विक क्रूज़ पर्यटन केंद्र के रूप में उभरने के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, क्रूज़ शिपिंग में हुए विकास का विवरण निम्नानुसार है:

(i) मुंबई (महाराष्ट्र), मोरमुगाओ (गोवा), कोच्चि (केरल), चेन्नई (तमिलनाडु), न्यू मंगलौर (कर्नाटक) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में क्रूज़ बंदरगाह के साथ-साथ पुदुचेरी (संघ राज्यक्षेत्र), लक्षद्वीप (संघ राज्यक्षेत्र) और श्री विजयपुरम (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) में भी क्रूज़ कॉल स्थित हैं।

(ii) कॉर्डेलिया क्रूज़ ने 4 जुलाई 2025 को पुदुचेरी से क्रूज़ गंतव्य के रूप में परिचालन शुरू किया है।

(iii) वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, 11 राज्यों में 29 राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू) प्रचालनरत थे, जिनमें 3 एनडब्ल्यू को विशेष रूप से क्रूज़ की आवाजाही के लिए नामित किया गया था।

(iv) पिछले दशक के तुलनात्मक आंकड़े क्रूज़ जहाज यातायात में हुई वृद्धि को दर्शाते हैं, जो निम्नानुसार है:

- वित्त वर्ष 2013-14 में 102 क्रूज़ जहाजों ने 84,705 यात्रियों को यात्रा की सेवा प्रदान की।
- वित्त वर्ष 2024-25 में 272 क्रूज़ जहाजों ने 4,92,362 यात्रियों को यात्रा की सेवा प्रदान की।

*****

**अनुबंध**

श्री महेंद्र भट्ट द्वारा देश में क्रूज़ पर्यटन के विकास के संबंध में दिनांक 21.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 314# के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक योजना के तहत बंदरगाहों और जलमार्गों पर अवसंरचना के विकास हेतु स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **राज्य** | **एजेंसी** | **स्वीकृति की तिथि** | **स्वीकृत राशि (लाख रु. में)** | **वर्तमान स्थिति** | **परियोजना के घटक** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र। | तमिलनाडु | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 24-09-2012 | 1724.66 | पूर्ण | • सीढ़ियों का निर्माण और अन्य संशोधन कार्य<br>• विद्युत कार्य<br>• एयर कंडीशनर<br>• यात्री लिफ्ट<br>• एस्केलेटर<br>• जहाज से टर्मिनल तक एयरोब्रिज<br>• सीसीटीवी, जन उद्घोषणा प्रणाली, बैगेज स्कैनर, डीएफएमडी, एचएचएमडी और ईपीएबीएक्स<br>• अकाउस्टिक प्रूफ जनरेटर सेट<br>• फर्नीचर, स्क्रीनिंग सिस्टम, ट्रॉलियां, चेक-इन/आप्रवासन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | काउंटर, कूड़ेदान, व्हीलचेयर, प्राथमिक चिकित्सा उपकरण आदि।<br>• 4 पासपोर्ट रीडिंग मशीनों प्रावधान।<br>• सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करना<br>• अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान |
| 2. | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज़ टर्मिनल भवन | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 24-06-2014 | 879.04 | पूर्ण | • टर्मिनल सुविधाएं<br>• जनोपयोगी/ मनोरंजन सुविधाएं<br>• शौचालय की सुविधाएं<br>• स्वच्छता और जल आपूर्ति कार्य<br>• विद्युतीकरण<br>• पैकेज एसटीपी<br>• पंप सहित 20 घन मीटर क्षमता का भूमिगत सम्प<br>• एयर कंडीशनिंग<br>• डेटा संचार |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | सीसीटीवी<br>• अग्निशमन प्रणाली<br>• बैगेज स्कैनर<br>• पासपोर्ट रीडिंग मशीनें<br>• डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर<br>• हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर<br>• फर्नीचर, आंतरिक सज्जा, यात्री लिफ्ट, फ़र्श, भूनिर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, व्यूइंग डेक स्लैब, संकेतक<br>• विविध, भित्ति चित्र, मूर्तियाँ और विद्युत कार |
| 3. | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में आप्रवासन की सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज़ बर्थ को गहरा करना | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 24-08-2018 | 1316.4 | पहले ही बंद कर दी गई। | • आप्रवासन सुविधा में सुधार<br>• मौजूदा क्रूज़ बर्थ को गहरा करना (सीआरजेड मंज़ूरी के कारण निष्पादित नहीं किया गया) |
| 4. | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय | गोवा | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 10-09-2021 | 5000 | जारी है | • सिविल कार्य - टर्मिनल भवन<br>• आंतरिक भवन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | तथा घरेलू क्रूज़ टर्मिनल और संबद्ध सुविधाओं का विकास | | | | | | (सिविल कार्य, उन्नयन परिष्करण, निराकरण) - वाणिज्यिक भवन / सहायक भवन |
| 5. | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण। | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 29-12-2017 | 1250 | पूर्ण | • सिविल कार्य (विध्वंस, नींव, अधिरचना, जल आपूर्ति प्रणाली, सीवरेज और वेस्टिब्यूल कार्य)<br>• अग्नि सुरक्षा प्रणाली<br>• एयर कंडीशनिंग कार्य<br>• विद्युत कार्य<br>• इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली<br>• अग्रभाग<br>• लिफ्ट और एस्केलेटर<br>• बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, डीएफएमडी आदि। |
| 6. | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 20-12-2021 | 3750 | जारी है | • भूतल और प्रथम तल पर उच्च स्तरीय लक्जरी शौचालय<br>• लिफ्ट और एस्केलेटर<br>• टर्मिनल भवन के लिए 22 केवी का विद्युत सबस्टेशन<br>• विविध अवसंरचना |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | • प्रवेश और निकास पर रैंप<br>• पर्यटकों के मार्गदर्शन हेतु कियोस्क<br>• पैसेंजर कार्ट, कंक्रीट सड़क और भूनिर्माण के लिए आधारभूत अवसंरचना सुविधाएं<br>• पर्यटक गाइडों और टैक्सी चालकों के लिए आधारभूत अवसंरचना<br>• लिफ्ट और एस्केलेटर<br>• बैगेज स्कैनर, मेटल डिटेक्टर, डीएफएमडी आदि। |
| 7. | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 31-03-2017 | 2141 | पूर्ण | • भूमि विकास जिसमें सिविल कार्य, विद्युत कार्य, अग्निशमन कार्य, एयर कंडीशनिंग कार्य, डेटा नेटवर्किंग सहित सुरक्षा प्रणाली, कैमरा, संकेतक, बर्थ और बैकअप क्षेत्र का विकास तथा घाट के गेट का नवीनीकरण शामिल है। |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास। | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 120.79 | पूर्ण | • पोर्टेबल हैंड बैगेज मशीन की स्थापना<br>• डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर<br>• बार कोड रीडर<br>• स्टैंडअलोन कंप्यूटर<br>• केनोपी<br>• क्रूज़ यात्री के लिए ब्रेकर युक्त बैगेज ट्रॉलियाँ<br>• सुविधा केंद्र<br>• पर्यटन स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था तथा एसईएल मल्टीमीडिया/बहु आयामी शो आदि। इसमें शौचालय/विश्राम कक्ष, टिकट काउंटर, फूड कोर्ट जैसी नागरिक सुविधाओं की स्थापना, परियोजना स्थल पर दिव्यांगजनों/ बच्चों/वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं, प्रचार सामग्री सहित बैटरी चालित गाड़ियां गंतव्य के आसपास के क्षेत्र में निर्माण, पार्कों |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | का विकास, बाड़ लगाना, परिसर की दीवार आदि शामिल हैं। |
| 9. | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 466.47 | पूर्ण | • गंतव्य के आसपास के क्षेत्र में सुधार - भू-निर्माण दृश्यीकरण, पार्कों का विकास जैसी गतिविधियाँ<br>• दिव्यांगजनों/बच्चों /वरिष्ठ नागरिकों के लिए शौचालय/ रेस्टरूम जैसी जन सुविधाओं की स्थापना तथा पर्यटकों के लिए संकेतक उपलब्ध कराना। |
| 10. | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 13-12-2019 | 1029.7 | पूर्ण | • नए क्रूज़ टर्मिनल के लिए पार्किंग क्षेत्र का विकास, भौतिक सुरक्षा उत्पादों की स्थापना, नए क्रूज़ टर्मिनल में फर्नीचर उपलब्ध कराना और कोच्चि हाट का विकास - नए क्रूज़ टर्मिनल के निकट पर्यटकों के लिए स्टॉल। |
| 11. | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 14-12-2018 | 3850 | भौतिक रूप से पूर्ण | • मुख्य बर्थ और मूरिंग डॉल्फ़िन<br>• ड्रेजिंग, |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज़-सह-कोस्टल कार्गो टर्मिनल का निर्माण | | | | | | • मौजूदा चैनल बर्थ को मजबूत करना<br>• टर्मिनल भवन और बैकअप क्षेत्र |
| 12. | राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 और 2 पर रिवर क्रूज़ के चढ़ने/उतरने के 9 मुख्य बिंदुओं पर जेट्टी का विकास | असम | आईडब्ल्यूएआई | 28-04-2020 | 2803.05 | जारी है | • पर्यटक यात्री जहाजों के लिए पर्यटक यात्री बर्थिंग जेटी के लिए फ्लोटिंग टर्मिनल सुविधाएं प्रदान करने हेतु स्टील पोंटून और गैंगवे का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरूआत, जिसमें फेंडर, लैंडिंग प्लेटफॉर्म, सीढ़ियां, बोलार्ड, आवास आदि शामिल हैं।<br>• बर्थिंग पोंटून को स्थल पर लाने का प्रावधान,<br>• वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय, लगभग 50 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था के साथ फूड कोर्ट और प्रत्येक अंब्रेला के नीचे 5 लोगों के बैठने की क्षमता के साथ 7 अंब्रेला |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | रोड का प्रावधान।<br>• बैकअप के साथ सौर प्रकाश व्यवस्था<br>• सुरक्षा केबिन,<br>• तट विकास कार्य जैसे आंतरिक मार्ग, पार्किंग, फुटपाथ अपशिष्ट निपटान।<br>• जेट्टी के किनारे पर्यटकों के आवागमन के लिए आरोहण, अवरोहण और ड्राइववे,<br>• वॉश बेसिन और जल आपूर्ति की व्यवस्था के साथ जैव-शौचालय<br>• मूरिंग पिन<br>• तैरते हुए पोंटून की सुरक्षा और रखरखाव<br>• जीवनरक्षक उपकरण,<br>• अग्निशामक<br>• टेक्टाइल टाइलें,<br>• बिजली का कनेक्शन,<br>• टर्मिनल तक पहुंचने के मार्ग का निर्माण और रखरखाव |
| 13. | कनोजी आंग्रे लाइटहाउस का पर्यटक | महाराष्ट्र | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 09-08-2016 | 1500 | पूर्ण | -- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थल के रूप में विकास | | | | | | |
| 14. | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 28-10-2016 | 901 | पूर्ण | • भूमि विकास<br>• 3.00 मीटर चौड़ा पैदल मार्ग उपलब्ध कराना<br>• जल निकासी सुविधाएं प्रदान करना<br>• 3 स्थानों पर वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराना, पैदल मार्ग के लिए सीढ़ियाँ/ रैंप कनेक्शन उपलब्ध कराना<br>• बैठने की व्यवस्था प्रदान कराना<br>• कियोस्क उपलब्ध कराना<br>• शौचालय की सुविधा प्रदान करना<br>• वास्तुशिल्पीय बाह्य कार्य और भूनिर्माण प्रदान करना<br>• पैदल यात्री पुल उपलब्ध कराना<br>• सुरक्षा केबिन प्रदान करना<br>• फ्लोटिंग जेट्टी प्रदान करना<br>• गज़ेबो प्रदान करना<br>• ओएच जल टैंक, |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | यूजी टैंक, सेप्टिक टैंक उपलब्ध कराना। विद्युतीकरण की व्यवस्था उपलब्ध कराना |

*****